# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## मार्च भाग-1 2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. तमिलनाडु में भक्ति आंदोलन का विकास ग्यारहवीं शताब्दी के दौरान हुआ।
    2. गुरु रविदास भगवान शिव के भक्त थे।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. चिल्का झील को रामसर कन्वेंशन तहत अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व के पहले भारतीय आर्द्रभूमि स्थल के रूप में नामित किया गया था।
    2. चिल्का झील एशिया की सबसे बड़ी खारे पानी की झील है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

3. आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. यह पादप प्रजनन की एक प्रक्रिया है जिसमें वांछित लक्षणों (Desired Traits) के साथ संतति हेतु समान लक्षणों वाली प्रजातियों के बीच संकरण कराया जाता है।
    2. DMH-11 सरसों एकमात्र आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) फसल है जिसके प्रयोग की भारत में अनुमति है।
    3. वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) जीएम फसलों के वाणिज्यिक उत्पादन की अनुमति प्रदान करने हेतु शीर्ष निकाय है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2
    C. केवल 2 और 3
    D. केवल 3

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. 'घुलित ऑक्सीजन' नदी तंत्र में मौजूद ऑक्सीजन की मात्रा को मापने का एक उपाय है।
    2. 'बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड' की अधिक मात्रा जल में कम 'घुलित ऑक्सीजन' की मात्रा को इंगित करती है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

5. सरस आजीविका मेला, 2021 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के तहत एक पहल है।
2. इसका लक्ष्य ग्रामीण महिलाओं को अपने कौशल और उत्पादों का प्रदर्शन करने के लिये एक मंच प्रदान करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

6. निम्नलिखित पहलों पर विचार कीजिये:

1. मार्गदर्शन और मार्गदर्शक पहल
2. उच्चतर अविष्कार योजना (UAY)
3. मनोदर्पण पहल
4. सरल (SARAL) पहल

उपर्युक्त में से कौन-सी पहलें भारत में तकनीकी शिक्षा को बेहतर बनाने के लिये शुरू की गई हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3 और 4
C. केवल 1, 2 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्विट्ज़रलैंड एक लैंडलॉक देश है और जर्मनी, फ्रााँस तथा इटली इसके निकटवर्ती पड़ोसी हैं।
2. वर्साय की संधि के तहत स्विट्ज़रलैंड को एक 'तटस्थ' देश के रूप में स्वीकार किया गया था।
3. स्विट्ज़रलैंड उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) का सदस्य नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रत्येक वर्ष सर चंद्रशेखर वेंकट रमन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
2. सर चंद्रशेखर वेंकट रमन को रमन प्रभाव के लिये वर्ष 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जब किसी देश की जीडीपी में एक ही वित्तीय वर्ष की लगातार चार तिमाहियों में गिरावट देखने को मिलती है, तो इस स्थिति को तकनीकी मंदी कहा जाता है।

नोट :

2. सकल मूल्य वर्धित (GVA) के संदर्भ में विकास दर सकल घरेलू उत्पाद में से शुद्ध उत्पाद कर को घटाने से प्राप्त होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्विट्ज़रलैंड गुटनिरपेक्ष आंदोलन का सदस्य है।
2. गुटनिरपेक्ष आंदोलन के गठन में वर्ष 1955 में आयोजित बांडुंग सम्मेलन को काफी महत्त्वपूर्ण माना जाता है।
3. संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रत्येक वर्ष 12 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय तटस्थता दिवस के रूप में मान्यता दी गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

11. महानदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत की सबसे बड़ी नदी प्रणाली है।
2. यह नदी छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों से होकर बहती है।
3. भारत के सबसे ऊँचे बाँध का निर्माण महानदी पर किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

12. भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ भारत व्यापार अधिशेष की स्थिति में है।
2. सेवाओं के आयात के मामले में भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका के लिये सबसे बड़ा आपूर्तिकर्त्ता है।
3. भारत अमेरिका के सामान्य प्राथमिकता प्रणाली के तहत प्रदान किये जाने शुल्क-मुक्त लाभों का लाभार्थी नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

13.'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके तहत लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है।
2. इसके तहत गरीबी रेखा से नीचे (BPL) के तहत केवल परिवारों की खाद्य मांगों को पूरा करता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

14. राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पूरे देश में उच्च शिक्षा संस्थानों को वित्त पोषण प्रदान करता है।
2. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

15. PSLV-C51 उपग्रह के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. अमेज़ोनिया-1 उपग्रह को भू-तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित किया गया है।
2. UNITYsat उपग्रह को रेडियो प्रसारण सेवाएँ प्रदान करने हेतु लॉन्च किया गया है।
3. SDSAT एक नैनो उपग्रह है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 2

D. केवल 1, 2 और 3

16. एक्सरसाइज़ 'डेज़र्ट फ्लैग-VI के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह UAE की वायु सेना द्वारा आयोजित एक वार्षिक बहुराष्ट्रीय युद्ध अभ्यास है।
2. भारतीय वायु सेना वर्ष 2021 में पहली बार इस अभ्यास में भाग ले रही है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

17. 'वेस्ट टू वेल्थ' मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मिशन का संचालन प्रधानमंत्री की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (PM-STIC) द्वारा किया जा रहा है।
2. यह मिशन वृहद् आर्थिक मॉडल का निर्माण करके स्मार्ट सिटी मिशन में सहायता तथा वृद्धि करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

18. ब्लैक ब्राउड बैबलर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक पक्षी है जिसकी खोज हाल ही में इंडोनेशिया के कालीमंतन में की गई है।
2. IUCN की रेड लिस्ट में इसे संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बैटर दैन कैश अलायंस (BTCA) सरकारों की एक साझेदारी है जो भौतिक नकदी के लेन-देन को समाप्त करने तथा जिम्मेदार डिजिटल भुगतान के विकल्प पर केंद्रित है।
2. भारत वर्ष 2015 मेंबैटर दैन कैश अलायंस का सदस्य बना।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

20. जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क (UNFCCC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. UNFCCC का सचिवालय जर्मनी में स्थित है।
2. UNFCCC क्योटो प्रोटोकॉल और पेरिस समझौते की मूल संधि है।
3. पेरिस समझौता कानूनी रूप से बाध्यकारी एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जिसने क्योटो प्रोटोकॉल को प्रतिस्थापित किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

21. 'फ्रीडम इन द वर्ल्ड 2021' रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद द्वारा जारी की जाती है।
2. यह रिपोर्ट वर्ष 2019 के बाद से भारत में स्वतंत्रता की स्थिति में आ रही गिरावट को दर्शाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनुच्छेद 45, 6 वर्ष तक के बच्चों के लिये शिक्षा का प्रावधान करता है।
2. राममूर्ति समिति ने शिक्षा के अधिकार पर पहला आधिकारिक दस्तावेज जारी किया था।
3. तपस मजूमदार समिति ने विद्यालयी शिक्षा में 6 से 14 वर्ष के बच्चों की सार्वभौमिक भागीदारी की सिफारिश की

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत स्थापित किया गया है।
2. I4C साइबर अपराध से संबंधित सभी कानूनी सहायता संधियों (MLAT) के कार्यान्वयन संबंधी गतिविधियों को अन्य देशों के साथ समन्वयित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

24. विश्व सीमा शुल्क संगठन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक स्वतंत्र अंतर-सरकारी निकाय है, जिसका उद्देश्य सीमा शुल्क प्रशासन की प्रभावशीलता और दक्षता को बढ़ाना है।
2. भारत के केंद्रीय राजस्व नियंत्रण प्रयोगशाला को एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिये विश्व सीमा शुल्क संगठन की क्षेत्रीय सीमा शुल्क प्रयोगशाला के रूप में मान्यता दी गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

25. सिमलीपाल बायोस्फीयर रिज़र्व के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका कुछ क्षेत्र मयूरभंज हाथी अभयारण्य में स्थित है।
2. यह मुख्य रूप से डोंगरिया कोंड जनजातियों द्वारा बसा हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

26. 'फूड वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट' निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है ?

A. विश्व खाद्य कार्यक्रम
B. खाद्य एवं कृषि संगठन
C. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
D. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. CBI एक सांविधिक निकाय है।
2. संथानम समिति ने CBI की स्थापना की सिफारिश की थी।
3. CBI गृह मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

28. कर्मचारी भविष्य निधि (EPF) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कर्मचारी और नियोक्ता दोनों द्वारा ही कर्मचारी के मूल वेतन और महँगाई भत्ते का 30% EPF में जमा किया जाता है।
2. EPFO योजना उन कर्मचारियों के लिये अनिवार्य है जिनका मूल वेतन प्रतिमाह 15,000 रुपए से अधिक नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

29. भारत में बीमा लोकपाल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी शक्तियाँ, कार्य, कार्यालय की शर्तें आदि बीमा लोकपाल नियम, 2017 द्वारा निर्धारित किये गए थे।
2. इसका कार्यकाल पाँच वर्ष का होता है और यह पुनर्नियुक्ति के योग्य नहीं होता है।
3. बीमाकर्ताओं, एजेंटों, दलालों और अन्य मध्यस्थों की सेवा में कमियाँ इसके अधिकार क्षेत्र के दायरे में आती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

30. 'के. एस. पुट्टास्वामी बनाम भारत संघ, 2017' मामले का ऐतिहासिक निर्णय निम्नलिखित में से कौन-से अधिकार का संरक्षण करता है?

A. भोजन का अधिकार

B. शिक्षा का अधिकार

C. निजता का अधिकार

D. भाषण का अधिकार

31. बीजू पटनायक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह महात्मा गांधी के मार्गदर्शन में भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल हो गए।
2. वह स्वतंत्र भारत के पहले वित्त मंत्री बने।
3. उन्हें इंडोनेशिया के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

32. असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दिल्ली और हरियाणा की सीमा पर स्थित है।
2. अभयारण्य अरावली पर्वतमाला का एक हिस्सा है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

33: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पेंच टाइगर रिज़र्व सतपुड़ा पहाड़ियों के दक्षिणी छोर पर स्थित है।
2. पेंच टाइगर रिज़र्व मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र दोनों में ही स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

34. 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बाइ सब्जेक्ट' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शीर्ष 100 सब्जेक्ट रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों की संख्या में वृद्धि हुई है।
2. भारत का कोई भी निजी संस्थान वैश्विक रूप से शीर्ष-100 में स्थान नहीं बना पाया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

35. CSIR के 'फ्लोरीकल्चर मिशन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) मिशन के कार्यान्वयन हेतु एकमात्र निकाय है
2. यह एपीकल्चर की वृद्धि को बढ़ावा देगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

36. व्हेल शार्क के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मछली की सबसे लंबी प्रजाति है जो मांस खाती है।
2. यह विश्व के सभी उष्णकटिबंधीय महासागरों में पाई जाती है।
3. IUCN की रेड लिस्ट में इसे लुप्तप्राय जीव के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

37. इक्वाइन हर्पीस वायरस (EHV) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. EHV एक आम DNA वायरस है जो भेड़ों में पाया जाता है।
2. यह तंत्रिका संबंधी समस्याओं का कारण बन सकता है जिससे लकवा और यहाँ तक कि मृत्यु भी हो सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

38. 'ओवरसीज़ सिटीज़न ऑफ इंडिया' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. OCI कार्डधारक किसी भी उद्देश्य के लिये भारत आने हेतु एकाधिक प्रवेश पाने और आजीवन वीज़ा प्राप्त करने के हकदार हैं।
2. उन्हें भारत में पत्रकारिता से संबंधित कार्यों को करने के लिये पूर्व अनुमति की आवश्यकता होती है।
3. स्मारकों में प्रवेश शुल्क के मामले में OCI कार्डधारकों के अधिकार आम भारतीय नागरिकों के समान हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

39. MSME क्रेडिट हेल्थ इंडेक्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे ट्रांस यूनियन सिबिल (TransUnion CIBIL) एवं सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा साझेदारी में लॉन्च किया गया है।
2. यह सूचकांक भारत के MSME उद्योग की क्रेडिट स्थिति को वृद्धि और क्षमता दो मापदंडों पर मापता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

40. सेरावीक वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरण नेतृत्व पुरस्कार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस पुरस्कार से भारतीय प्रधानमंत्री को भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में उनकी नेतृत्वकारी भूमिका के लिये वर्ष 2021 में सम्मानित किया गया है।
2. इस पुरस्कार की स्थापना जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन के ढाँचे के अंतर्गत की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

E. केवल 1
F. केवल 2
G. 1 और 2 दोनों
H. न तो 1 और न ही 2

41. चाबहार बंदरगाह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक ईरानी बंदरगाह है जो फारस की खाड़ी में स्थित है।
2. भारत, ईरान और अफगानिस्तान ने वर्ष 2016 में चाबहार बंदरगाह के विकास के लिये एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

42. क्वासर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सबसे चमकदार पिंड होता है, जिससे गामा आवृत्ति पर धारा (Jet) का उत्सर्जन होता है।
2. ये केवल ऐसी आकाशगंगा में पाए जाते हैं, जिनमें विशालकाय ब्लैकहोल (Blackhole) होते हैं।
3. हाल ही में थर्टी मीटर टेलीस्कोप द्वारा पृथ्वी के सबसे नज़दीकी क्वासर की खोज की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. केवल 1 और 3

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना के कार्यान्वयन के लिये आयुष मंत्रालय जिम्मेदार है।
2. जन औषधि केंद्रों की स्थापना स्वयं सहायता समूहों और गैर सरकारी संगठनों द्वारा अस्पताल परिसर के बाहर कहीं भी की जा सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणाली के संचालन हेतु एक समग्र संगठन है।
2. यह भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) और भारतीय बैंक संघ (IBA) की एक पहल है।
3. NPCI कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत "गैर-लाभकारी" कंपनी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

45. कभी-कभी समाचारों में देखा जाने वाला 'प्री-पैक फ्रेमवर्क' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा से

B. तनावग्रस्त कंपनी के ऋण के समाधान से

C. वन्यजीवों में रोग संचरण के प्रबंधन से

D. दवा वितरण हेतु एक समान मानक से

नोट :

46. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| भारत के संयुक्त सैन्य अभ्यास | सहभागी देश |
|---|---|
| 1. दुस्तलिक | मंगोलिया |
| 2. नोमेडिक एलीफैंट | उज़्बेकिस्तान |
| 3. युद्ध अभ्यास | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 4. बोल्ड कुरुक्षेत्र | नेपाल |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3
C. केवल 1, 2 और 4
D. केवल 2, 3 और 4

47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उइगर मुस्लिम चीन का एक स्वदेशी अल्पसंख्यक समुदाय है।
2. उइगरों की सबसे बड़ी आबादी चीन के शिनजियांग प्रांत में निवास करती है।
3. चीन का शिनजियांग प्रांत केवल भारत और पाकिस्तान के साथ सीमा साझा करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

48. 'राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कार्यक्रम केवल ग्रामीण क्षेत्रों में लागू किया जा रहा है।
2. इस कार्यक्रम का राष्ट्रीय मातृत्व लाभ योजना एक हिस्सा है।
3. इसे वर्ष 2016 में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के "कोर ऑफ कोर" योजनाओं के अंतर्गत लाया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) की स्थापना एक कार्यकारी आदेश द्वारा की गई थी।
2. ट्राई के सहायक और विवाद कार्यों के समाधान करने के उद्देश्य से दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण (TDSAT) की स्थापना की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

50. एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (AIP) प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे परमाणु पनडुब्बियों की घातकता और गोपनीयता को कई गुना बढ़ाने के लिये प्रयोग किया जाता है।
2. AIP प्रणाली आधारित पनडुब्बियाँ लंबे समय तक पानी के भीतर रह सकती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. फेनी नदी त्रिपुरा से निकलती है और यह बांग्लादेश से होकर गुज़रती है।
2. मैत्री सेतु को भारत और बांग्लादेश के मैत्रीपूर्ण संबंधों के प्रतीक के रूप में पद्मा नदी पर बनाया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

52. उपकर के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उपकर किसी विशिष्ट कार्य हेतु धन जुटाने के उद्देश्य से लगाया गया एक अतिरिक्त कर होता है।
2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 250 राज्य सरकारों के साथ उपकर को साझा करने से रोकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

53. 'कालाज़ार' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस बीमारी में अनियमित बुखार आता और वज़न बढ़ता है।
2. यह लीशमैनिया नामक वायरस के कारण होता है।
3. यह बालू मक्खियों के काटने से फैलता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रोजेक्ट-75 भारतीय नौसेना का एक कार्यक्रम है जो स्कॉर्पीन क्लास पनडुब्बियों के निर्माण पर ज़ोर देता है।
2. प्रोजेक्ट-75 में स्कॉर्पीन क्लास की पनडुब्बियों का संचालन डीज़ल-इलेक्ट्रिक प्रणोदन प्रणाली द्वारा होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

55. 'BBIN पहल' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह हिमालयी क्षेत्र में चीनी घुसपैठ का मुकाबला करने के लिये एक रणनीतिक गठबंधन है।
2. 'मोटर वाहन समझौते' पर थिंपू में हस्ताक्षर किये गए थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. माउंट सिनाबुंग इंडोनेशिया का एक सक्रिय ज्वालामुखी है।
2. सिनाबुंग और सेमरू ज्वालामुखी 'पैसिफिक रिंग ऑफ फायर' में स्थित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

57. 'अर्द्ध-घुमंतू जनजाति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इन जनजातियों को ब्रिटिश शासन के दौरान आपराधिक जनजाति अधिनियम के तहत अधिसूचित किया गया था।
2. विमुक्तअ, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजाति (DNT) के लिये डॉ. अंबेडकर प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना एक केंद्रीय प्रायोजित योजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

58. मध्याह्न भोजन योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह योजना स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन है।
2. यह 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को पका हुआ भोजन प्रदान करने का प्रावधान करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मध्य-अटलांटिक कटक और ग्रेट रिफ्ट वैली, अपसारी सीमाओं का उदाहरण हैं।
2. अपसारी सीमाओं को विनाशात्मक सीमा के नाम से भी जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

60. राष्ट्रीय तापविद्युत निगम (NTPC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ऊर्जा मंत्रालय के तहत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (PSU) है।
2. यह एक महारत्न कंपनी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय है।
2. पवन ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिये ऊर्जा दक्षता उद्यम (E3) प्रमाणपत्र कार्यक्रम शुरू किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

62. साहित्य अकादमी पुरस्कार के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत में प्रदान किया जाने वाला सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान है।
2. यह पुरस्कार केवल भारतीय राष्ट्रीयता वाले व्यक्ति को दिया जा सकता है।
3. अमिताव घोष साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त करने वाले अंग्रेज़ी भाषा के प्रथम लेखक थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यूरोपीय संसद द्वारा यूरोपीय संघ को 'LGBTIQ फ्रीडम ज़ोन' घोषित किया गया है।
2. आयरलैंड जनमत संग्रह के माध्यम से समलैंगिक विवाह को वैधता प्रदान करने वाला पहला देश बन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

64. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. क्षुद्रग्रह '2001 FO32' को 'संभावित खतरनाक क्षुद्रग्रह' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
2. ट्रोजंस क्षुद्रग्रह एक बड़े ग्रह के साथ कक्षा साझा करते हैं, लेकिन इसके साथ टकराते नहीं हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

65. हाल ही में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण समाचारों में रहा "संगे राष्ट्रीय उद्यान" किस देश में स्थित है?

A. जापान
B. इक्वाडोर
C. इंडोनेशिया
D. न्यूज़ीलैंड

## व्याख्या भाग-1

1.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भक्ति आंदोलन का विकास तमिलनाडु में सातवीं और नौवीं शताब्दी के बीच हुआ। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह नयनार (शिव के भक्त) और अलवार (विष्णु के भक्त) की भावनात्मक कविताओं में परिलक्षित होता था।
  - इन संतों ने धर्म को एक उदासीन औपचारिक पूजा के रूप में नहीं बल्कि पूज्य और उपासक के बीच प्रेम पर आधारित एक प्रेमपूर्ण बंधन के रूप में देखा।
- गुरु रविदास 14वीं सदी के संत और उत्तर भारत में भक्ति आंदोलन के सुधारक थे। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- एक ईश्वर में विश्वास और निष्पक्ष धार्मिक कविताओं के कारण उन्हें ख्याति प्राप्त हुई।
- उन्होंने अपना पूरा जीवन जाति व्यवस्था के उन्मूलन के लिये समर्पित कर दिया और ब्राह्मणवादी समाज की धारणा की खुले तौर पर निंदा की।

2.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ओडिशा में (चिल्का झील के निकट) तापमान बढ़ने के कारण चिलिका झील और भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान के आस-पास से प्रवासी पक्षियों ने अन्य वर्षों की तुलना में पहले (फरवरी में) ही इन स्थानों को छोड़ना शुरू कर दिया है।
- हर वर्ष सर्दी के मौसम में प्रवासी पक्षी एशिया के सबसे बड़े खारे पानी के लैगून चिल्का झील तथा भितरकनिका और भारत के दूसरे सबसे बड़े मैंग्रोव जंगल ( सुंदरबन, पश्चिम बंगाल) में आते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- वर्ष 1981 में चिल्का झील को रामसर कन्वेंशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व का पहला भारतीय आर्द्रभूमि नामित किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
  - चिल्का में प्रमुख आकर्षण इरावदी डॉलफिन (Irrawaddy Dolphins) हैं जिन्हें अक्सर सातपाड़ा द्वीप के पास देखा जाता है।

3.

उत्तर: C

व्याख्या:

- पारंपरिक पादप प्रजनन (Conventional Plant Breeding) में माता-पिता दोनों के वांछित लक्षणों (Desired Traits) के साथ संतति ( Offspring) हेतु एक ही जीन की प्रजातियों का संकरण (Crossing) कराया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - वंश/जींस संबंधित जातियों (स्पीशीज़) का एक समूह होता है। एक वंश में कई स्पीशीज़ हो सकते हैं जिनके लक्षण, गुण अथवा विशेषताएँ समान होती हैं।
- बीटी कपास (Bt Cotton) भारत में एकमात्र आनुवंशिक रूप से संशोधित (Genetically Modified-GM) फसल है। बेसिलस थुरिंगिनेसिस (Bacillus thuringiensis- Bt) जीवाणु मृदा में विद्यमान एक विदेशी जीन है जो बीटी कपास को सामान्य कीट गुलाबी बालवॉर्म (Pink Bollworm) से सुरक्षा प्रदान करने हेतु एक विषाक्त प्रोटीन का स्राव करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - दूसरी ओर हर्बिसाइड टोलरेंट बीटी (एचटी बीटी) (Herbicide Tolerant- Ht Bt) को मृदा में पाए जाने वाले एक अन्य जीवाणु को प्रविष्ट करके प्राप्त किया जाता है, जो पौधे को सामान्य हर्बिसाइड ग्लाइफोसेट का विरोध करने में सक्षम बनाता है।
- बीटी बैंगन में प्रविष्ट जीन पौधे के फल और शाखाओं को क्षति पहुँचाने वाले छेदक कीटों (Shoot Borers) के हमलों का विरोध करने में सक्षम बनता है।
- DMH-11 सरसों में आनुवंशिक संशोधन, स्वपरागण (Self-Pollinates) के स्थान पर परपरागण (Cross-Pollination) की अनुमति प्रदान करता है।
- भारत में आनुवंशिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (Genetic Engineering Appraisal Committee- GEAC) शीर्ष निकाय है जो GM फसलों के वाणिज्यिक उत्पादन की अनुमति प्रदान करती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

4.

उत्तर: C

व्याख्या:

- 'घुलित ऑक्सीजन' नदी तंत्र में मौजूद ऑक्सीजन की मात्रा को मापने का एक उपाय है। अत: कथन 1 सही है।
  - जल में कार्बनिक और अकार्बनिक अपशिष्ट की उपस्थिति के कारण 'घुलित ऑक्सीजन' की मात्रा घट जाती है।
  - प्रकाश संश्लेषक गतिविधि, जीवों द्वारा O2 की खपत और कार्बनिक पदार्थों के अपघटन जैसे कई कारक जल में मौजूद 'घुलित ऑक्सीजन' की मात्रा को निर्धारित करते हैं।
  - 'घुलित ऑक्सीजन' के स्तर में वृद्धि के साथ पानी की गुणवत्ता भी बढ़ जाती है।
- जैविक अपशिष्ट के कारण होने वाला जल प्रदूषण 'बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड' के रूप में मापा जाता है।
  - ऑक्सीजन की वह मात्रा जो जल में कार्बनिक पदार्थों के जैव रासायनिक अपघटन के लिये आवश्यक होती है।
  - 'बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड' की अधिक मात्रा जल में कम 'घुलित ऑक्सीजन' की मात्रा को इंगित करती है। अत: कथन 2 सही है।

5.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने नोएडा हाट में सरस आजीविका मेला, 2021 का उद्घाटन किया।
- यह सामान्य रूप से ग्रामीण भारत और विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के जीवन को बदलने हेतु एक कार्यक्रम है।
- यह दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के तहत ग्रामीण विकास मंत्रालय के 'लोक कार्यक्रम और ग्रामीण प्रौद्योगिकी विकास परिषद' (CAPART) द्वारा आयोजित एक पहल है। अत: कथन 1 सही है।

- इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों (SHGs) को एक मंच के तहत लाना है ताकि वे अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकें, अपने उत्पादों को बेच सकें और थोक खरीदारों के साथ जुड़ सकें।
  - सरस आजीविका मेले में भागीदारी के माध्यम से इन ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को शहरी ग्राहकों की मांग और पसंद को समझने के लिये महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर का विवरण प्राप्त होगा। अत: कथन 2 सही है।

6.

उत्तर: A

व्याख्या:

- मानव संसाधन विकास मंत्रालय (अब शिक्षा मंत्रालय) ने भारत में तकनीकी शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) के साथ मिलकर 'मार्गदर्शन और मार्गदर्शक' पहल की शुरुआत की है।
- उच्चतर अविष्कार योजना (UAY) की घोषणा उच्च स्तर के नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी जो उद्योग की आवश्यकताओं को सीधे प्रभावित करती है और इससे भारतीय विनिर्माण उद्योग की प्रतिस्पर्द्धा में सुधार होता है।
  - यह योजना एक व्यवहार्य उद्योग-अकादमिक सहयोग पर केंद्रित है, जहाँ उद्योग अनुसंधान की लागत का एक हिस्सा साझा करता है।
- मनोदर्पण पहल का उद्देश्य छात्रों, परिवार के सदस्यों और शिक्षकों को उनके मानसिक स्वास्थ्य और कोविड-19 के समय में उनके स्वास्थ्य और कल्याण हेतु मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करना है। (तकनीकी शिक्षा से संबंधित नहीं)
- 'स्टेट रूफटॉप सोलर अट्रैक्शन इंडेक्स' या SARAL, रूफटॉप सौर परिनियोजन (तकनीकी शिक्षा से संबंधित नहीं) को सुविधाजनक बनाने हेतु अपनाए गए राज्य-स्तरीय उपायों का व्यापक अवलोकन प्रदान करने वाला अपनी तरह का पहला सूचकांक है।
- अत: विकल्प A सही है।

7.

उत्तर: C

व्याख्या

- स्विट्ज़रलैंड मध्य यूरोप में स्थित एक लैंडलॉक देश है। यह फ्रांँस, इटली, जर्मनी, लिकटेंस्टीन और ऑस्ट्रेलिया के साथ अपनी सीमा साझा करता है। अत: कथन 1 सही है।
- स्विट्ज़रलैंड अपनी 'तटस्थता' की नीति को लेकर काफी प्रसिद्ध है। वर्ष 1783 में पेरिस संधि के तहत स्विट्ज़रलैंड को एक 'तटस्थ' देश के रूप में स्वीकार किया गया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - पेरिस संधि पर 3 सितंबर, 1783 को ग्रेट ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा द्वारा पेरिस में हस्ताक्षर किये गए थे तथा इसने आधिकारिक रूप से अमेरिकी युद्ध को समाप्त कर दिया था।
  - वर्साय की संधि को जून 1919 में प्रथम विश्वयुद्ध के बाद यूरोप में शांति स्थापना के उद्देश्य से की गयी। यह संधि मित्र राष्ट्रों द्वारा जर्मनी के साथ की गई महत्त्वपूर्ण संधि थी। यह संधि पूर्णरूप से मित्र राष्ट्रों के हितों के संवर्द्धन एवं जर्मन हितों के बलिदान पर आधारित थी।
- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से स्विट्ज़रलैंड ने मानवीय पहलों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मामलों में अधिक सक्रिय भूमिका निभाई है, किंतु सैन्य मामलों में वह तटस्थ रहा है।
  - वह उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) या यूरोपीय संघ (UN) में कभी शामिल नहीं हुआ और केवल वर्ष 2002 में संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ था। अत: कथन 3 सही है।

8.

उत्तर: B

व्याख्या:

- सर चंद्रशेखर वेंकट रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज करने की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (National Science Day- NSD) के रूप में मनाया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- सर चंद्रशेखर वेंकट रमन को रमन प्रभाव के लिये वर्ष 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पहली बार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन वर्ष 1987 में किया गया। अत: कथन 2 सही है।

9.

उत्तर. B

व्याख्या:

- वित्तीय वर्ष 2020-21 की तीसरी (अक्तूबर-दिसंबर) तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 0.4% दर की वृद्धि और विनिर्माण तथा कृषि में सुधार के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था तकनीकी मंदी (Technical Recession) से बाहर निकल गई है।
- ध्यातव्य है कि जब किसी देश की जीडीपी में एक ही वित्तीय वर्ष की लगातार दो तिमाहियों में गिरावट देखने को मिलती है, तो इस स्थिति को तकनीकी मंदी कहा जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सकल मूल्य वर्धित (GVA) के संदर्भ में विकास दर - जो कि सकल घरेलू उत्पाद में से शुद्ध उत्पाद कर को घटाने से प्राप्त होती है और आपूर्ति में वृद्धि को दर्शाती है, पिछले वर्ष के 7.2% और 3.9% के अनुमानों के मुकाबले वर्ष 2020-21 में 6.5% दर्ज की गई है। अत: कथन 2 सही है।

10.

उत्तर: C

व्याख्या:

- स्विट्ज़रलैंड अपनी 'तटस्थता' की नीति को लेकर काफी प्रसिद्ध है, हालाँकि उसकी इस नीति को शांतिवाद की अवधारणा मानकर भ्रमित नहीं होना चाहिये। स्विट्ज़रलैंड में पुरुषों के लिये सैन्य सेवा में शामिल होना अनिवार्य है।
  - वर्ष 1783 में पेरिस संधि के तहत स्विट्ज़रलैंड को एक 'तटस्थ' देश के रूप में स्वीकार किया गया था (स्विट्ज़रलैंड गुटनिरपेक्ष आंदोलन का सदस्य नहीं है)। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह विश्व के 120 विकासशील देशों का एक मंच है, जिसमें वे देश शामिल हैं, जो औपचारिक तौर पर विश्व की किसी भी बड़ी महाशक्ति के गुट में शामिल नहीं हैं।
  - गुटनिरपेक्ष आंदोलन के गठन की प्रक्रिया में वर्ष 1955 में आयोजित बांडुंग सम्मेलन को काफी महत्त्वपूर्ण माना जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में तटस्थता के मूल्य के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिये संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रत्येक वर्ष 12 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय तटस्थता दिवस के रूप में मनाया जाता है। अत: कथन 3 सही है।

11.

उत्तर: B

व्याख्या:

- महानदी नदी तंत्र गोदावरी और कृष्णा के बाद प्रायद्वीपीय भारत की तीसरी सबसे बड़ी और ओडिशा राज्य का सबसे बड़ी नदी प्रणाली है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- नदी का जलग्रहण क्षेत्र छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड और महाराष्ट्र तक फैला हुआ है। अत: कथन 2 सही है।
  - इसका बेसिन उत्तर में मध्य भारत की पहाड़ियों, दक्षिण और पूर्व में पूर्वी घाट तथा पश्चिम में मैकाल रेंज से घिरा है।
- हीराकुंड बाँध ओडिशा राज्य के संबलपुर शहर से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर महानदी पर बनाया गया है।
  - टिहरी बाँध भारत का सबसे ऊँचा बाँध है इसका निर्माण उत्तराखंड में टिहरी के निकट भागीरथी नदी पर किया गया है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

नोट :

12.

उत्तर: A

व्याख्या:

- संयुक्त राज्य अमेरिका उन देशों में से एक है जिनके साथ भारत व्यापार अधिशेष की स्थिति में है। अत: कथन 1 सही है।
  - अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष वर्ष 2018-19 के 16.86 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2019-20 में 17.42 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।
  - सेवाओं के आयात के मामले में भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका के लिये छठा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्त्ता था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- सामान्य प्राथमिकता प्रणाली अमेरिका का एक व्यापार कार्यक्रम है जिसे 129 लाभार्थी देशों और क्षेत्रों के 4,800 उत्पादों के लिये प्राथमिकता आधारित शुल्क मुक्त प्रविष्टि प्रदान कर विकासशील दुनिया में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने हेतु बनाया गया है।
  - अमेरिका ने जून 2019 से GSP कार्यक्रम के तहत भारतीय निर्यातकों को मिलने वाले शुल्क मुक्त लाभ को वापस लेने का फैसला किया। अत: कथन 3 सही है।

13.

उत्तर: D

व्याख्या:

- नीति आयोग ने एक चर्चा पत्र (Discussion Paper) के माध्यम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA), 2013 के तहत ग्रामीण एवं शहरी कवरेज को क्रमश: 60 प्रतिशत और 40 प्रतिशत तक कम करने की सिफारिश की है।
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA), 2013 को 10 सितंबर, 2013 को अधिसूचित किया जाता है। इसके तहत लाभार्थियों को रियायती कीमतों पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसका उद्देश्य एक गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिये लोगों को वहनीय मूल्योंा पर अच्छीम गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न  की पर्याप्तह मात्रा उपलब्धर कराते हुए उन्हेंद खाद्य और पोषण सुरक्षा प्रदान करना है।
- यह अधिनियम लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (TPDS) के तहत रियायती दर पर खाद्यान्न प्राप्त करने के लिये ग्रामीण आबादी का 75 प्रतिशत और शहरी आबादी का 50 प्रतिशत हिस्सा कवर करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

14.

उत्तर: C

व्याख्या:

- राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (Rashtriya Uchchatar Shiksha Abhiyan- RUSA) का उद्देश्य पूरे देश में उच्च शिक्षा संस्थानों को रणनीतिक वित्तपोषण प्रदान करना है। अत: कथन 1 सही है।
  - इस अभियान के तहत राज्यों के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में समानता, सभी की पहुँच और उत्कृष्टता बढ़ाने के लिये आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।
- RUSA को अक्तूबर 2013 में शुरू किया गया था, यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है। अत: कथन 2 सही है।

15.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में इसरो द्वारा PSLV-C51 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया। यह इसरो के प्रक्षेपण यान की 53वीं उड़ान थी और साथ ही इसरो  की वाणिज्यिक शाखा, 'न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड' (NSIL) का पहला समर्पित मिशन था।
- 637 किलोग्राम वज़नी अमेज़ोनिया-1, ब्राज़ील के नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पे6स रिसर्च का पृथ्वीम पर्यवेक्षण उपग्रह (Earth Observation Satellite) है। इस उपग्रह को सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा (Sun-Synchronous Polar Orbit) में 758 किमी. की ऊँचाई पर निर्धारित कक्षा में स्थापित किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

नोट :

- UNITYsat रेडियो प्रसारण सेवाएँ प्रदान करने के लिये लॉन्च किया गया तीन उपग्रहों का एक संयोजन है। अत: कथन 2 सही है।
- सतीश धवन उपग्रह (SDSAT) एक नैनो उपग्रह है जिसका उद्देश्य विकिरण के स्तरों/अंतरिक्ष मौसम का अध्ययन करना एवं लंबी दूरी की संचार तकनीकों का प्रदर्शन करना है। अत: कथन 3 सही है।

16.

उत्तर: C

व्याख्या:

- एक्सरसाइज़ 'डेज़र्ट फ्लैग' संयुक्त अरब अमीरात की वायु सेना द्वारा आयोजित एक वार्षिक बहुराष्ट्रीय युद्ध अभ्यास है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह UAE के अल-धफरा एयरबेस पर 3 से 27 मार्च, 2021 तक आयोजित होने वाला तीन सप्ताह का अभ्यास है।
  - भारतीय वायु सेना वर्ष 2021 में पहली बार इस अभ्यास में भाग ले रही है। अत: कथन 2 सही है।
- प्रतिभागी: संयुक्त अरब अमीरात, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्राँस, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और बहरीन की वायु सेना।
- भारत की सहभागिता: भारतीय वायुसेना छह सुखोई- 30 एमकेआई, दो सी -17 ग्लोबमास्टर्स और एक आईएल -78 टैंकर विमान के साथ भाग ले रही है।

17.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय ने अपने "वेस्ट टू वेल्थ" (Waste to Wealth) मिशन के अंतर्गत "स्वच्छता सारथी फेलोशिप" (Swachhta Saarthi Fellowship) की शुरुआत की है।
- "द वेस्ट टू वेल्थ" मिशन प्रधानमंत्री की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (PM-STIAC) के नौ राष्ट्रीय मिशनों में से एक है। अत: कथन 1 सही है।
- यह मिशन स्वच्छ भारत और स्मार्ट शहर जैसी परियोजनाओं में मदद करेगा, साथ ही एक ऐसा वृहद् आर्थिक मॉडल तैयार करेगा जो देश में अपशिष्ट प्रबंधन को कारगर बनाने के साथ-साथ उसे आर्थिक रूप से व्यवहार्य भी बनाएगा। अत: कथन 2 सही है।

18.

उत्तर: A

व्याख्या:

- 1840 के दशक में एक ईस्ट इंडीज़ अभियान के दौरान रहस्यमयी पक्षी पकड़ा गया था। इसे ब्लैक-ब्राउड बैबलर नाम दिया गया था।
- इस प्रजाति को फिर से जंगलों में नहीं देखा गया था और एक चमकीले पीले काँच का का एक नमूना इसके अस्तित्व का एकमात्र प्रमाण था।
  - कोई भी एशियाई पक्षी इतने वर्षों तक विलुप्त नहीं हुआ है जितने वर्षों तक इंडोनेशिया की ब्लैक-ब्राउड बैबलर विलुप्त हुआ है। यह पिछले 170 वर्षों से गायब है।
  - हाल ही में दक्षिण-पश्चिम कालीमंतन जो बोर्नियो का हिस्सा है एवं इंडोनेशिया द्वारा प्रशासित है, में एक ब्लैक-ब्राउड बैबलर (Malacocincla Perspicillata) को फिर से खोजा गया है। अत: कथन 1 सही है।
- इस पक्षी को प्राय: 'इंडोनेशियन पक्षी विज्ञान में सबसे बड़ा रहस्य' माना जाता है।
- IUCN की रेड लिस्ट में इसे अपर्याप्त डेटा उपलब्धता संबंधी सूची में शामिल किया गया है अर्थात् इसके विषय में बहुत अधिक डेटा उपलब्ध नहीं है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

19.

उत्तर: B

व्याख्या:

- BTCA सरकारों, कंपनियों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के बीच एक साझेदारी है जिसके तहत सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु डिजिटल भुगतानों को तीव्रता के साथ किया जाता है।
- इसे यूनाइटेड नेशंस कैपिटल डेवलपमेंट फंड, यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट, बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, सिटी ग्रुप, फोर्ड फाउंडेशन, ओमिडयार नेटवर्क तथा वीज़ा इंक द्वारा लॉन्च किया गया था।
  - इसकी मेज़बानी संयुक्त राष्ट्र पूंजी विकास कोष (UNCDF) के न्यूयॉर्क, बोगोटा, डकार, ढाका, किगाली, लंदन, मनीला और नई दिल्ली कार्यालयों द्वारा की जाती है।
    - इसका गठन वर्ष 2012 में किया गया था।
- सदस्य: इस एलायंस में 75 सदस्य हैं जो दक्षता, पारदर्शिता, महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भुगतानों को डिजिटल बनाने हेतु प्रतिबद्ध हैं तथा उन अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण में मदद करते हैं जो डिजिटल और समावेशी हैं।
  - इसके सदस्य नकदी के भौतिक लेन-देन को समाप्त नहीं करना चाहते हैं, बल्कि एक ज़िम्मेदार डिजिटल भुगतान विकल्प प्रदान करना चाहते हैं जो "नकदी से बेहतर" है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - वित्तीय समावेशन हेतु भुगतान को डिजिटाइज़ करने तथा विश्व के सबसे बड़े वित्तीय समावेशन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन धन योजना की सफलता की कहानियों को साझा करने के उद्देश्य से भारत वर्ष 2015 में बेटर दैन कैश अलायंस का सदस्य बन गया। अत: कथन 2 सही है।

20.

उत्तर: D

व्याख्या:

- UNFCCC सचिवालय (यूएन क्लाइमेट चेंज) संयुक्त राष्ट्र की एक इकाई है जो जलवायु परिवर्तन के खतरे पर वैश्विक प्रतिक्रिया का समर्थन करती है।
  - UNFCCC का सचिवालय जर्मनी के बॉन में स्थित है। अत: कथन 1 सही है।
  - कन्वेंशन के पास सार्वभौमिक सदस्यता (197 पार्टियाँ) है तथा यह वर्ष 2015 के पेरिस समझौते की मूल संधि (Parent Treaty) है। UNFCCC वर्ष 1997 के क्योटो प्रोटोकॉल की मूल संधि भी है। अत: कथन 2 सही है।
- पेरिस समझौता (जिसे COP21 के रूप में भी जाना जाता है) एक ऐतिहासिक पर्यावरणीय समझौता है, जिसे वर्ष 2015 में जलवायु परिवर्तन और इसके नकारात्मक प्रभावों से निपटने के लिये अपनाया गया था।
- इसने क्योटो प्रोटोकॉल का स्थान लिया, जो कि जलवायु परिवर्तन से निपटने संबंधी प्रारंभिक समझौतों में से एक था। यह जलवायु परिवर्तन पर कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय संधि है। अत: कथन 3 सही है।

21.

उत्तर: A

व्याख्या

- 'फ्रीडम इन द वर्ल्ड 2021' रिपोर्ट अमेरिका आधारित 'फ्रीडम हाउस' नामक मानवाधिकार संस्था द्वारा जारी की जाती है। वर्ष 1941 से कार्यरत इस संस्था का वित्तपोषण अमेरिकी सरकार के अनुदान से किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - रिपोर्ट के तहत देशों को विभिन्न संकेतकों के आधार पर 'स्वतंत्र', 'आंशिक रूप से स्वतंत्र' या 'स्वतंत्र नहीं' घोषित किया जाता है।
- पिछले 15 वर्षों में वैश्विक लोकतंत्र में गिरावट की ओर इशारा करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया की लगभग 75 प्रतिशत आबादी ऐसे देशों में निवास करती है, जहाँ पिछले कुछ वर्षों में लोकतंत्र और स्वतंत्रता की स्थिति में गिरावट आई है।
- 'फ्रीडम इन द वर्ल्ड 2021' रिपोर्ट में भारत की स्थिति को 'स्वतंत्र' से 'आंशिक रूप से स्वतंत्र' कर दिया है।

नोट :

- भारत को रिपोर्ट में 67/100 स्कोर प्राप्त हुआ है, जो कि बीते वर्ष के 71/100 के मुकाबले कम है, पिछले वर्ष भारत 'स्वतंत्र' श्रेणी में शामिल था, जबकि इस वर्ष भारत की स्थिति में गिरावट करते हुए इसे 'आंशिक रूप स्वतंत्र' श्रेणी में शामिल किया गया है। अत: कथन 2 सही है।

22.

उत्तर: D

व्याख्या:

- मूल भारतीय संविधान के भाग- IV (DPSP) के अनुच्छेद 45 और अनुच्छेद 39 (f) में राज्य द्वारा वित्त पोषित होने के साथ-साथ समान और सुलभ शिक्षा का प्रावधान किया गया था।
  - अनुच्छेद 45 कहता है कि "राज्य सभी बालकों के लिए छह वर्ष की आयु पूरी करने तक प्रारंभिक बाल्यावस्था देख-रेख और शिक्षा देने के लिये उपबंध करने का प्रयास करेगा"। अत: कथन 1 सही
- शिक्षा के अधिकार पर पहला आधिकारिक दस्तावेज वर्ष 990 की राममूर्ति समिति की रिपोर्ट थी। अत: कथन 2 सही है।
  - वर्ष 1993 में उन्नीकृष्णन जेपी बनाम आंध्र प्रदेश राज्य और अन्य मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक निर्णय में कहा कि शिक्षा का अधिकार अनुच्छेद 21 के अंतर्गत एक मौलिक अधिकार है।
  - मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा की प्रस्तावित संवैधानिक गारंटी के संचालन हेतु वित्तीय आवश्यकताओं का आकलन करने के लिये GOI ने वर्ष 1997 में तपस मजूमदार समिति का गठन किया, जिसने जनवरी, 1999 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।
  - तपस मजूमदार समिति की कुछ अन्य प्रमुख सिफारिशें इस प्रकार हैं:
    - विद्यालयी शिक्षा में 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों की सार्वभौमिक भागीदारी। अत: कथन 3 सही है।
    - प्राथमिक स्तर पर छात्र-शिक्षक अनुपात 30: 1।
    - प्राथमिक विद्यालय में दो शिक्षक और उच्च प्राथमिक विद्यालय में तीन शिक्षक और एक प्रधानाध्यापक।
    - प्राथमिक विद्यालय में दो कक्षाएँ और उच्च प्राथमिक विद्यालय में तीन कक्षाएँ।
    - सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से रखरखाव निधि का निर्माण।
    - गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों से आने वाले सभी बच्चों के लिये नि:शुल्क गणवेश, मध्यान्ह भोजन और छात्रवृत्ति।

23.

उत्तर: B

व्याख्या:

- इसकी स्थापना साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई में राष्ट्रीय स्तर पर एक नोडल केंद्र के रूप में कार्य करने के लिये गृह मंत्रालय के तहत की गई है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - I4C की स्थापना योजना को सभी प्रकार के साइबर अपराधों से व्यापक और समन्वित तरीके से निपटने के लिये अक्तूबर 2018 में मंज़ूरी दी गई थी।
  - यह अत्याधुनिक केंद्र नई दिल्ली में स्थित है।
  - विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने क्षेत्रीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र स्थापित करने के लिये अपनी सहमति दी है।
- उद्देश्य:
  - समन्वित और व्यापक तरीके से साइबर अपराधों से निपटने हेतु एक मंच प्रदान करना।
    - केंद्रीय गृह मंत्रालय में संबंधित नोडल प्राधिकरण के परामर्श से अन्य देशों के साथ साइबर अपराध से संबंधित पारस्परिक कानूनी सहायता संधियों (MLAT) के कार्यान्वयन से जुड़ीं सभी गतिविधियों के समन्वय के लिये इसका निर्माण किया गया है। अत: कथन 2 सही है।
  - एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना जो साइबर अपराध की रोकथाम, पता लगाने, जाँच और अभियोजन में शिक्षा, उद्योग, जनता तथा सरकार को एक साथ लाता है।

- अनुसंधान में आने वाली समस्याओं की पहचान करने और भारत तथा विदेश में अकादमिक/अनुसंधान संस्थानों के सहयोग से नई प्रौद्योगिकियों व फोरेंसिक उपकरणों को विकसित करने में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को बढ़ावा देना।
- चरमपंथी और आतंकवादी समूहों द्वारा साइबर-स्पेस के दुरुपयोग को रोकना।
- तेज़ी से बदलती प्रौद्योगिकियों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के साथ तालमेल बनाए रखने के लिये साइबर कानूनों में संशोधन का सुझाव देना (यदि आवश्यक हो)।

24.

उत्तर: C

व्याख्या:

- विश्व सीमा शुल्क संगठन की स्थापना वर्ष 1952 में सीमा शुल्क सहयोग परिषद (Customs Co-operation Council-CCC) के रूप में की गई। यह एक स्वतंत्र अंतर-सरकारी निकाय है, जिसका उद्देश्य सीमा शुल्क प्रशासन की प्रभावशीलता और दक्षता को बढ़ाना है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसका मुख्यालय ब्रसेल्स, बेल्जियम में स्थित है।
  - WCO दुनिया भर के 183 सीमा शुल्क प्रशासनों का प्रतिनिधित्व करता है, इनके द्वारा विश्व में सामूहिक रूप से लगभग 98% व्यापार किया जाता है।
- केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के तहत केंद्रीय राजस्व नियंत्रण प्रयोगशाला, नई दिल्ली को एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिये विश्व सीमा शुल्क संगठन की क्षेत्रीय सीमा शुल्क प्रयोगशाला के रूप में मान्यता दी गई। अत: कथन 2 सही है।
- भारत को दो वर्ष की अवधि के लिये (जून 2020 तक) WCO के एशिया प्रशांत क्षेत्र का उपाध्यक्ष (क्षेत्रीय प्रमुख) बनाया गया था।
  - यह सीमा शुल्क मामलों को देखने में सक्षम एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, इसलिये इसे अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क समुदाय की आवाज़ कहा जा सकता है।

25.

उत्तर: A

व्याख्या:

- ओडिशा के सिमलीपाल बायोस्फीयर रिज़र्व में भीषण आग की घटना देखी गई। हालाँकि इस बायोस्फीयर का मुख्य क्षेत्र आग से अछूता था, फिर भी इस प्रकार की आग से इसकी समृद्ध जैव विविधता को नुकसान पहुँच रहा है।
  - यह सिमलीपाल-कुलडीहा-हदगढ़ हाथी रिज़र्व (Similipal-Kuldiha-Hadgarh Elephant Reserve) का हिस्सा है, जिसे मयूरभंज एलीफेंट रिज़र्व (Mayurbhanj Elephant Reserve) के नाम से जाना जाता है, इसमें 3 संरक्षित क्षेत्र यानी सिमलीपाल टाइगर रिज़र्व, हदगढ़ वन्यजीव अभयारण्य और कुलडीहा वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं।अत: कथन 1 सही है।
- इस बायोस्फीयर रिज़र्व क्षेत्र में दो जनजातियाँ यथा- इरेंगा खारिया (Erenga Kharias) और मैनकर्डियास (Mankirdias) निवास करती हैं, जो आज भी पारंपरिक कृषि गतिविधियों (बीज और लकड़ी का संग्रह) के माध्यम से खाद्य संग्रहण करती हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- डोंगरिया कोंध की आबादी मुख्य रूप से ओडिशा राज्य की दक्षिणी पहाड़ियों और महानदी नदी बेसिन में केंद्रित है तथा कुछ संख्या पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के आसपास के ज़िलों में भी पाए जाती है।

26.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (United Nations Environment Programme- UNEP) ने फूड वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट (Food Waste Index Report), 2021 जारी की। अत: विकल्प (D) सही है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2019 में खाने के लिये उपलब्ध भोजन का 17% (घरों में 11%, खाद्य सेवा में 5% और खुदरा क्षेत्र में 2%) बर्बाद हो गया और लगभग 69 करोड़ लोगों को खाली पेट सोना पड़ा था।

नोट :

- इस रिपोर्ट में वैश्विक खाद्य अपव्यय का सबसे व्यापक और विश्लेषित डेटा प्रस्तुत होता है।
- यह देशों के लिये घरेलू खाद्य सेवा और खुदरा स्तर पर खाद्य अपशिष्ट को मापने हेतु एक पद्धति भी प्रकाशित करता है।
- फूड लॉस इंडेक्स (Food Loss Index) के विपरीत फूड वेस्ट इंडेक्स कुल खाद्य अपशिष्ट (विशिष्ट वस्तुओं से जुड़े नुकसान या कचरे के बजाय) को मापता है।

27.

उत्तर; B

व्याख्या

- CBI की स्थापना वर्ष 1963 में गृह मंत्रालय के एक प्रस्ताव द्वारा की गई थी। CBI एक सांविधिक निकाय नहीं है। यह दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 से अपनी शक्तियों को प्राप्त करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- CBI की स्थापना भ्रष्टाचार निवारण पर संथानम समिति (1962–1964) द्वारा की गई थी। अत: कथन 2 सही है।
- CBI कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (DoPT) के प्रशासनिक नियंत्रण में आता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

28.

उत्तर. B

व्याख्या:

- EPFO कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम (Miscellaneous Provisions Act), 1952 को लागू करता है।
- EPFO अधिनियम, 1952 कारखानों और अन्य प्रतिष्ठानों में कार्य करने वाले कर्मचारियों को संस्थागत भविष्य निधि प्रदान करता है।
- कर्मचारी के मूल वेतन और महँगाई भत्ते का 12% कर्मचारी और नियोक्ता दोनों ही ईपीएफ में जमा करते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2016-17 में सुझाव दिया गया था कि कर्मचारियों को अपने वेतन का 12% EPFO में जमा करने या इसे वेतन के रूप में प्राप्त करने का विकल्प को चुनने की अनुमति दी जाए।
- EPFO योजना उन कर्मचारियों के लिये अनिवार्य है जिनका मूल वेतन प्रतिमाह 15,000 रुपए तक है। अत: कथन 2 सही है।

29.

उत्तर: c

व्याख्या:

- केंद्र सरकार द्वारा बीमा लोकपाल (Insurance Ombudsman) की स्थापना बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम (Insurance Regulatory and Development Authority Act), 1999 तथा लोक शिकायत निवारण नियम (Redressal of Public Grievances Rules), 1998 के अंतर्गत की गई।
- इसकी शक्तियाँ, कार्य, कार्यालय की शर्तें आदि बीमा लोकपाल नियम, 2017 द्वारा निर्धारित किये गए थे। अत: कथन 1 सही है।
- इसका कार्यकाल तीन वर्ष का होता है और अधिकतम 70 वर्ष की आयु तक यह पद धारण करता है, इसकी पुनर्नियुक्ति की जा सकती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- हाल ही में केंद्र सरकार ने बीमा लोकपाल नियम (Insurance Ombudsman Rules), 2017 में संशोधन किया है। इस संशोधन के माध्यम से बीमा लोकपाल के दायरे में बीमा दलालों को लाया गया है और पॉलिसीधारकों को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की भी अनुमति दी गई है। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

30.

उत्तर: C

व्याख्या:

- सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 2017 में के.एस. पुत्तास्वामी बनाम भारतीय संघ ऐतिहासिक निर्णय में गोपनीयता और उसके महत्त्व को वर्णित किया। सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार, निजता का अधिकार एक मौलिक और अविच्छेद्य अधिकार है और इसके तहत व्यक्ति से जुड़ी सभी सूचनाओं के साथ उसके द्वारा लिये गए निर्णय शामिल हैं। अत: विकल्प (C) सही है।
- निजता के अधिकार को अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के आंतरिक भाग के रूप में तथा संविधान के भाग-III द्वारा गारंटीकृत स्वतंत्रता के हिस्से के रूप में संरक्षित किया गया है।

31.

उत्तर: B

व्याख्या:

- विजयानंद पटनायक का जन्म 5 मार्च 1916 को हुआ था। वह बीजू पटनायक के नाम से लोकप्रिय थे।
    - वह एक अच्छे पायलट थे। वर्ष 1936 में रॉयल इंडियन एयर फोर्स में शामिल हो गए।
    - वह दो बार ओडिशा के मुख्यमंत्री रहे।
        - आरके षणमुखम चेट्टी, एक वकील, अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ, स्वतंत्र भारत के पहले वित्त मंत्री थे। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- बीजू पटनायक ने वर्ष 1942 में एक स्वतंत्रता सेनानी के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। वे भारत को स्वतंत्रता दिलाने के लिये महात्मा गांधी के मार्गदर्शन में भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल हुए।
    - वे भारत को स्वतंत्रता दिलाने के लिये महात्मा गांधी के मार्गदर्शन में भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल हुए। अत: कथन 1 सही है।
- पंडित जवाहरलाल नेहरू के अनुरोध पर बीजू पटनायक ने जावा के लिये उड़ान भरी और दिल्ली में एक बैठक के लिये 'सुल्तान शहरयार' (Sutan Sjahrir) को इंडोनेशिया के डच नियंत्रित क्षेत्र से बाहर लाए।
    - बहादुरी के इस कार्य के लिये उन्हें इंडोनेशिया में मानद नागरिकता दी गई और उन्हें 'भूमि पुत्र' उपाधि से सम्मानित किया गया।
    - वर्ष 1996 में बीजू पटनायक को सर्वोच्च इंडोनेशियाई राष्ट्रीय पुरस्कार, 'बंटांग जसा उटमा' से सम्मानित किया गया था। अत: कथन 3 सही है।

32.

उत्तर: C

व्याख्या:

- असोला-भट्टी वन्यजीव अभयारण्य 32.71 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला है और यह दिल्ली-हरियाणा सीमा पर अरावली पर्वत श्रृंखला के दक्षिणी दिल्ली रिज पर स्थित है। अत: कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।
- गुरुग्राम और फरीदाबाद में असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य के आसपास 1 किमी का क्षेत्र एक पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र है।

33.

उत्तर: C

व्याख्या

- महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में स्थित इस टाइगर रिज़र्व का नामकरण प्राचीन पेंच नदी के नाम पर किया गया है।
    - पेंच नदी, 'पेंच टाइगर रिज़र्व' के बीच से होकर गुज़रती है।
    - यह नदी उत्तर से दक्षिण की ओर बहती है तथा संपूर्ण रिज़र्व को पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में विभाजित करती है।
- यह रिज़र्व मध्य प्रदेश में सिवनी और छिंदवाड़ा ज़िलों में सतपुड़ा पहाड़ियों के दक्षिणी छोर पर स्थित है और महाराष्ट्र में नागपुर ज़िले तक विस्तारित है। अत: कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।

**नोट :**

- वर्ष 1975 में इसे महाराष्ट्र सरकार द्वारा एक राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया और वर्ष 1998-1999 में इसे एक टाइगर रिज़र्व की मान्यता प्रदान की गई गई।
    - हालाँकि पेंच टाइगर रिज़र्व (PTR) के मध्य प्रदेश स्थित हिस्से को वर्ष 1992-1993 में ही टाइगर रिज़र्व का दर्जा दे दिया गया था। यह सेंट्रल हाइलैंड्स के सतपुड़ा-मैकल पर्वतमाला के प्रमुख संरक्षित क्षेत्रों में से एक है।

34.

उत्तर: A

व्याख्या:

- 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बाइ सब्जेक्ट' के नवीनतम संस्करण (11वें) के अनुसार, भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों के 25 सब्जेक्ट को उनकी संबंधित विषय श्रेणियों में दुनिया के शीर्ष 100 में स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसमें भारत के 52 भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों के 51 अकादमिक विषयों के 253 कार्यक्रमों के प्रदर्शन पर स्वतंत्र आँकड़ों को प्रस्तुत किया गया।
- इस वर्ष शीर्ष 100 शीर्ष सब्जेक्ट रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों की संख्या 8 से बढ़कर 12 हो गई है। अत: कथन 1 सही है।
    - 12 भारतीय संस्थान जिन्हें विश्व के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान मिला है- IIT बॉम्बे, IIT दिल्ली, IIT मद्रास, IIT खड़गपुर, IISC बंगलुरु, IIT गुवाहाटी, IIM बंगलुरु, IIM अहमदाबाद, JNU, अन्ना विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय और ओपी जिंदल विश्वविद्यालय।
    - IIT बॉम्बे ने किसी भी अन्य भारतीय संस्थान की तुलना में शीर्ष 100 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।
- सरकार द्वारा संचालित इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस (IoE) से संबंधित संस्थानों ने निजी संस्थानों की तुलना में रैंकिंग में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है।
    - ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने विधि (76वें) के लिये वैश्विक रूप से शीर्ष -100 में स्थान प्राप्त किया है। यह एक निजी IoE द्वारा शीर्ष-100 में प्राप्त एकमात्र स्थान है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

35.

उत्तर: B

व्याख्या:

- इस मिशन में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद के संस्थानों में उपलब्ध जानकारियों का उपयोग किया जाएगा जो देश के किसानों तथा उद्योगों की निर्यात ज़रूरतों को पूरा करने में सहायक होगी।
- इस मिशन के कार्यान्वयन में CSIR के साथ निम्नलिखित अन्य एजेंसियाँ शामिल हैं:
    - भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR)
    - खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC)
    - एपीडा और ट्राइफेड
    - खुशबू और स्वाद विकास केंद्र, कन्नौज
    - वाणिज्य मंत्रालय और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME)। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- एकीकृत बागवानी विकास मिशन (Mission for Integrated Development of Horticulture- MIDH) बागवानी क्षेत्र को कवर करने के उद्देश्य से एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसके अंतर्गत फलों, सब्जियों, जड़ और कंद फसलों, मशरूम, मसाले, फूल, सुगंधित पौधों, नारियल, काजू, कोको और बाँस को शामिल किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

36.

उत्तर: C

व्याख्या:

- व्हेल शार्क सबसे बड़ी शार्क होती है और वर्तमान में जीवित सभी मछलियों में सबसे बड़ी है। यह अपने विशाल आकार को बनाए रखने तथा प्रजनन के लिये पर्याप्त भोजन खोजने हेतु लंबी दूरी की यात्रा तय करती है।
  - व्हेल शार्क एक 'फिल्टर फीडर शार्क' है जिसका अर्थ है कि यह अन्य शार्क की तरह मांस नहीं खाती है। व्हेल शार्क समुद्र के पानी को फिल्टर करती है और छोटे प्लवकों को खाती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - व्हेल शार्क का अधिकतम आकार ज्ञात नहीं है, परंतु इसकी लंबाई 20 मीटर तक हो सकती है।
- व्हेल शार्क विश्व के सभी उष्णकटिबंधीय महासागरों में पाई जाती है। अत: कथन 2 सही है।
- इसे IUCN रेड लिस्ट में लुप्तप्राय जीव के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। अत: कथन 3 सही है।

37.

उत्तर: B

व्याख्या:

- यह तंत्रिका संबंधी समस्याओं का कारण बन सकता है जिससे लकवा और यहाँ तक कि मृत्यु भी हो सकती है।
  - इक्विन हर्पीस वायरस एक सामान्य DNA वायरस है जो दुनिया भर में घोड़ों की आबादी में उत्पन्न होता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- EHV-1 साँस की बीमारी, गर्भपात और नवजात मृत्यु सहित घोड़ों में विभिन्न रोगों की उत्पत्ति का कारण बन सकता है।
  - यह तनाव न्यूरोलॉजिकल समस्याएँ भी पैदा कर सकता है, जिससे लकवा और कुछ मामलों में मौत हो सकती है। घोड़े जो इस वायरस से संक्रमित होते हैं, उनमें संतुलन की कमी, कमज़ोरी, भूख की कमी और खड़े होने में असमर्थता जैसे लक्षण सामने आ सकते हैं। अत: कथन 2 सही है।

38.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में केंद्र सरकार ने ओवरसीज़ सिटीज़न ऑफ इंडिया (OCI) से संबंधित अधिकारों की एक समेकित सूची जारी की है।
- एकाधिक प्रवेश आजीवन वीज़ा
  - OCI कार्डधारक किसी भी उद्देश्य के लिये भारत आने हेतु एकाधिक प्रवेश पाने और आजीवन वीज़ा प्राप्त करने के हकदार होंगे। अत: कथन 1 सही है।
- पूर्व अनुमति
  - OCI कार्डधारकों को अनुसंधान, पत्रकारिता, पर्वतारोहण, मिशनरी या तब्लीगी कार्य और प्रतिबंधित क्षेत्रों के दौरे आदि के लिये पूर्व अनुमति की आवश्यकता होगी। अत: कथन 2 सही है।
- भारतीय नागरिकों के साथ समानता
  - OCI कार्डधारकों को घरेलू हवाई किराया, स्मारकों और सार्वजनिक स्थानों पर प्रवेश शुल्क के मामले में आम भारतीय नागरिकों के समान अधिकार प्राप्त होंगे। अत: कथन 3 सही है।

39.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ट्रांस यूनियन सिबिल (TransUnion CIBIL) ने सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के साथ संयुक्त रूप से 'MSME क्रेडिट हेल्थ इंडेक्स' लॉन्च किया है। अत: कथन 1 सही है।

- यह सूचकांक भारत के MSME उद्योग की क्रेडिट स्थिति को दो मापदंडों पर मापता है- वृद्धि और क्षमता। अत: कथन 2 सही है
  - समय के साथ एक्सपोज़र वैल्यू (बकाया शेष) में बढ़ोतरी के अनुसार वृद्धि को मापा जाता है।
  - बढ़ता ग्रोथ इंडेक्स क्रेडिट ग्रोथ में सुधार का संकेत देता है।
  - गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (NPA) के संदर्भ में क्रेडिट जोखिम में कमी/वृद्धि से क्षमता को मापा जाता है।

40.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत के प्रधानमंत्री को इस वर्ष कैम्ब्रिज एनर्जी रिसर्च एसोसिएट (Cambridge Energy Research Associate-CERA) द्वारा वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरण नेतृत्व पुरस्कार (Global Energy and Environment Leadership Award) से सम्मानित किया गया।
  - उन्हें यह पुरस्कार भारत के नेतृत्व को देश और दुनिया की भावी ऊर्जा ज़रूरतों को पूरा करने हेतु सतत् विकास के विस्तार की उनकी प्रतिबद्धता के लिये दिया गया। अत: कथन 1 सही है।
- इस पुरस्कार को दिये जाने की शुरुआत वर्ष 2016 में हुई थी।
  - यह पुरस्कार वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरण के भविष्य  के प्रति समर्पित नेतृत्व का सम्मान करने के लिये दिया जाता है।
- यह संयुक्त राज्य की ऊर्जा बाज़ारों, भू-राजनीति, उद्योग के रुझान, निजी कंपनियों आदि को सलाह देने वाली एक परामर्श कंपनी है।
  - यह एक वार्षिक ऊर्जा सम्मेलन है, जिसका आयोजन वर्ष 1983 से ह्यूस्टन (Houston- USA) में किया जा रहा है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

41.

उत्तर: B

व्याख्या:

- यह ओमान की खाड़ी में स्थित है और पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से केवल 72 किमी. दूर है, जिसे चीन द्वारा विकसित किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - यह एकमात्र ईरानी बंदरगाह है जिसकी हिंद महासागर तक सीधी पहुँच है और इसमें दो अलग-अलग बंदरगाह हैं- जिनका नाम शाहिद बेहिश्ती और शाहिद कलंतरी है।
- अफगानिस्तान, ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह को विकसित करने और वर्ष 2016 में एक त्रिपक्षीय परिवहन एवं पारगमन गलियारा स्थापित करने के लिये त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये। अत: कथन 2 सही है।
- चाबहार बंदरगाह भारत की इंडो-पैसिफिक रणनीति का एक प्रमुख भाग है, जो हिंद महासागर क्षेत्र के साथ यूरेशिया के संबंधों को प्रदर्शित करती है।
  - मध्य एशियाई देश जैसे- कज़ाखस्तान, उज़्बेकिस्तान भी चाबहार बंदरगाह को हिंद महासागर क्षेत्र के प्रवेश द्वार के रूप में देखते हैं।

42.

उत्तर: D

व्याख्या:

- क्वासर (Quasar), आकाशगंगा (Galaxy) का सबसे चमकदार पिंड होता है, जिससे रेडियो आवृत्ति पर धारा (Jet) का उत्सर्जन होता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- क्वासर शब्द "क्वासी-स्टेलर रेडियो सोर्स" (Quasi-Stellar Radio Source) का संक्षिप्त रूप है।
  - क्वासर को पहली बार 1960 के दशक में खोजा गया था, जिसका अर्थ है तारों की तरह रेडियो तरंगों का उत्सर्जक।
  - खगोलविदों ने बाद में पता लगाया कि अधिकांश क्वासर से रेडियो उत्सर्जन बहुत कम होता है फिर भी वर्तमान में इसे इसी नाम से जाना जाता है। क्वासर रेडियो तरंगों और दृश्य प्रकाश के अलावा पराबैंगनी, अवरक्त, एक्स-रे और गामा-किरणों का उत्सर्जन करते हैं।

नोट :

- अधिकांश क्वासर हमारे सौरमंडल से भी बड़े हैं। एक क्वासर की चौड़ाई लगभग 1 किलोपारसेक (Kiloparsec) तक होती है।
- ये केवल आकाशगंगा में पाए जाते हैं, जिनमें विशालकाय ब्लैकहोल (Blackhole) होते हैं जो इन चमकने वाली डिस्क को ऊर्जा देते रहते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- हाल ही में खगोलविदों की एक अंतर्राष्ट्रीय टीम ने यूरोपियन सदर्न ऑब्ज़र्वेटरी की सबसे बड़ी टेलीस्कोप (European Southern Observatory's Very Large Telescope- ESO's VLT) की मदद से रेडियो उत्सर्जन के सबसे दूर स्थित स्रोत रेडियो-लाउड क्वासर (Radio-Loud' Quasar) की खोज की है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - तरंगदैर्ध्य उत्सर्जित करने वाले क्वासर को P172+18 नाम दिया गया है, जिसमें 6.8 की रेडशिफ्ट (Redshift) था।
  - क्वासर की रोशनी को पृथ्वी तक पहुँचने में 13 अरब साल लग गए।
  - यह सबसे तेज़ गति वाले क्वासर में से एक है।

43.

उत्तर: B

व्याख्या:

- इस परियोजना को वर्ष 2008 में भारत सरकार के 'रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय' (Ministry of Chemicals & Fertilizer) के अंतर्गत कार्यरत 'फार्मास्यूटिकल्स विभाग' (Department of Pharmaceutical) द्वारा प्रारंभ किया गया था।
  - इस अभियान को वर्ष 2015-16 में PMBJP के रूप में फिर से शुरू किया गया।
  - ब्यूरो ऑफ फार्मा पीएसयू ऑफ इंडिया (Bureau of Pharma PSUs of India), PMBJP की कार्यान्वयन एजेंसी है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - BPPI ने जन-औषधि सुगम एप (Janaushadhi Sugam Application) भी विकसित किया है।
- ब्यूरो ऑफ फार्मा पीएसयू ऑफ इंडिया, प्रधानमंत्री भारतीय जन-औषधि परियोजना (Pradhan Mantri Bhartiya Janaushadhi Pariyojana) के एक भाग के रूप में जन-औषधि केंद्रों का समर्थन करता है।
  - ये ऐसे केंद्र हैं जहाँ गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएँ सभी को उपलब्ध कराई जाती हैं।
  - प्रधानमंत्री जन-औषधि केंद्रों की स्थापना के लिये 2.5 लाख रुपए तक का सरकारी अनुदान प्रदान किया जाता है, जिसकी मदद से डॉक्टर, फार्मासिस्ट, उद्यमी, स्वयं सहायता समूह (SHG), गैर-सरकारी संगठन (NGO) आदि किसी भी उपयुक्त स्थान या अस्पताल के बाहर जन-औषधि केंद्र स्थापित कर सकते हैं। अत: कथन 2 सही है।

44.

उत्तर: D

व्याख्या:

- वर्तमान में खुदरा भुगतान प्रणाली प्रदान करने हेतु NPCI एक अम्ब्रेला एंटिटी है, जो बैंकों के स्वामित्व वाली एक गैर-लाभकारी इकाई है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) और भारतीय बैंक संघ (IBA) की एक पहल है। अत: कथन 2 सही है।
- इसे कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के प्रावधानों के तहत 'गैर-लाभकारी संगठन' के रूप में शामिल किया गया है। अत: कथन 3 सही है।
- दस प्रमुख प्रवर्तक बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, सिटी बैंक और एचएसबीसी हैं।

नोट :

45.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में इनसॉल्वेंसी लॉ कमेटी (ILC) की एक उपसमिति द्वारा 'दिवाला एवं शोधन अक्षमता कोड' (Insolvency and Bankruptcy Code- IBC), 2016 के मूल ढाँचे के भीतर प्री-पैक ढाँचे (Pre-Pack Framework) की सिफारिश की गई है।
- प्री-पैक का आशय एक सार्वजनिक बोली प्रक्रिया के बजाय सुरक्षित लेनदारों और निवेशकों के बीच एक समझौते के माध्यम से तनावग्रस्त कंपनी के ऋण के समाधान से है। अत: विकल्प (B) सही है।
    - पिछले एक दशक में ब्रिटेन और यूरोप में इन्सॉल्वेंसी रिज़ॉल्यूशन (Insolvency Resolution) हेतु यह व्यवस्था काफी लोकप्रिय हुई है।
- भारत के मामले में ऐसी प्रणाली के तहत वित्तीय लेनदारों को संभावित निवेशकों से सहमत होना अनिवार्य होगा और समाधान योजना हेतु नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) की मंज़ूरी लेनी भी आवश्यक होगी।

46.

उत्तर: C

व्याख्या:

- युद्ध अभ्यास, भारत और अमेरिका के बीच आयोजित होने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।
- दुस्तलिक, भारत और उज़्बेकिस्तान के बीच आयोजित होने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास है
    - हाल ही में उत्तराखंड के चौबटिया में भारत और उज़्बेकिस्तान के बीच सैन्य अभ्यास दुस्तलिक (Dustlik) के दूसरे चरण की शुरुआत हुई। अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।
- भारत और मंगोलिया के बीच होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास को नोमेडिक एलीफेंट के नाम से जाना जाता है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।
- बोल्ड कुरुक्षेत्र भारत और सिंगापुर के बीच होने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास है। अत: युग्म 4 सही सुमेलित नहीं है।

47.

उत्तर: B

व्याख्या

- उइगर मुख्य रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यक तुर्क जातीय समूह हैं, जिनकी उत्पत्ति मध्य एवं पूर्वी एशिया से मानी जाती है।
    - उइगर अपनी स्वयं की भाषा बोलते हैं, जो कि काफी हद तक तुर्की भाषा के समान है और उइगर स्वयं को सांस्कृतिक एवं जातीय रूप से मध्य एशियाई देशों के करीब पाते हैं।
- उइगर मुस्लिमों को चीन में आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त 55 जातीय अल्पसंख्यक समुदायों में से एक माना जाता है।
- हालाँकि चीन उइगर मुस्लिमों को केवल एक क्षेत्रीय अल्पसंख्यक के रूप में मान्यता देता है और यह अस्वीकार करता है कि वे स्वदेशी समूह हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- वर्तमान में उइगर जातीय समुदाय की सबसे बड़ी आबादी चीन के शिनजियांग क्षेत्र में रहती है। अत: कथन 2 सही है।
    - उइगर मुस्लिमों की एक महत्त्वपूर्ण आबादी पड़ोसी मध्य एशियाई देशों जैसे- उज़्बेकिस्तान, किर्गिज़स्तान और कज़ाखस्तान में भी रहती है।
    - शिनजियांग तकनीकी रूप से चीन के भीतर एक स्वायत्त क्षेत्र है और यह क्षेत्र खनिजों से समृद्ध है तथा भारत, पाकिस्तान, रूस और अफगानिस्तान सहित आठ देशों के साथ सीमा साझा करता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

नोट :

48.

उत्तर: C

व्याख्या:

- राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (National Social Assistance Programme ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रशासित एक कल्याणकारी कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम को ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी लागू किया जा रहा है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इस कार्यक्रम को पहली बार 15 अगस्त, 1995 को केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में शुरू किया गया था। इसे वर्ष 2016 में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के "कोर ऑफ कोर" (Core of Core) योजनाओं के अंतर्गत लाया गया था। अत: कथन 3 सही है।
- इस योजना के वर्तमान में पाँच घटक हैं:
  - इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना।
  - राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना।
  - अन्नपूर्णा योजना।
  - इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना।
  - इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना।
- राष्ट्रीय मातृत्व लाभ योजना (National Maternity Benefit Scheme), राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम का हिस्सा थी, जिसे बाद में ग्रामीण विकास मंत्रालय से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत स्थानांतरित कर दिया गया। अत: कथन 2 सही नहीं है।

49.

उत्तर: B

व्याख्या:

- इसे दूरसंचार सेवाओं हेतु शुल्क निर्धारण/संशोधन सहित दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करने के लिये संसद के एक अधिनियम (भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997) द्वारा स्थापित किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - यह एक निष्पक्ष और पारदर्शी नीति हेतु वातावरण प्रदान करता है जो सभी को एक समान अवसर प्रदान करता है और प्रतिस्पर्द्धा को सुगम बनाता है।
- ट्राई अधिनियम में संशोधन कर ट्राई से सहायक और विवाद कार्यों के समाधान करने के उद्देश्य से दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण (Telecommunications Dispute Settlement and Appellate Tribunal- TDSAT) की स्थापना की गई। अत: कथन 2 सही है।
  - TDSAT की स्थापना विभिन्न लाइसेंसधारियों के मध्य, दो या दो से अधिक सेवा प्रदाताओं के मध्य, एक सेवा प्रदाता और उपभोक्ताओं के समूह के मध्य किसी भी विवाद के निपटान और ट्राई के किसी भी निर्देश, निर्णय या आदेश के खिलाफ अपील सुनने और उसके निपटान हेतु की गई थी।

50.

उत्तर: B

व्याख्या:

- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (AIP) प्रणाली का अंतिम विकास परीक्षण किया है, जो डीज़ल इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों के लिये महत्त्वपूर्ण है।
  - AIP प्रणाली आधारित पनडुब्बियों को बहुत कम बार समुद्री सतह पर आने की आवश्यकता होती है, इस प्रकार उनकी घातकता और गोपनीयता कई गुना बढ़ जाती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

नोट :

- AIP प्रणाली आधारित पारंपरिक पनडुब्बियाँ लंबे समय तक पानी के भीतर रह सकती हैं
  - डीज़ल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों को अपनी बैटरी चार्ज करने के लिये अक्सर सतह पर आने की आवश्यकता होती है, इस प्रकार उनके पानी के नीचे रुकने का समय कम होता है।
  - 'एयर-इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन' तकनीक डीज़ल जनरेटर को सतह की वायु पर कम निर्भर बनाने में मदद करती है। अत: कथन 2 सही है।

51.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री ने दक्षिणी त्रिपुरा ज़िले में भारत बांग्ला मैत्री सेतु का उद्घाटन किया है।
  - इस पुल का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (National Highways and Infrastructure Development Corporation- NHIDCL) द्वारा 133 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया गया है।
- 'मैत्री सेतु' नामक इस पुल का निर्माण फेनी नदी पर किया गया है जो भारत के त्रिपुरा राज्य और बांग्लादेश के बीच प्रवाहित होती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - फेनी नदी का उद्गम दक्षिणी त्रिपुरा ज़िले में होता है। यह नदी भारतीय सीमा की तरफ सबरूम शहर से गुजरती है और बांग्लादेश में बहने के बाद बंगाल की खाड़ी से मिल जाती है। अत: कथन 1 सही है। अत: कथन 1 सही है।
  - 1.9 किलोमीटर लंबा यह पुल सबरूम (त्रिपुरा में) को रामगढ़ (बांग्लादेश में) के साथ जोड़ता है।
  - 'मैत्री सेतु' नाम भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय और मैत्रीपूर्ण संबंधों में हो रही वृद्धि का प्रतीक है।

52.

उत्तर: A

व्याख्या:

- उपकर (Cess), उत्पाद शुल्क और व्यक्तिगत आयकर जैसे सामान्य करों तथा शुल्कों से अलग 'कर के ऊपर लगने वाला कर' है जो आमतौर पर विशिष्ट उद्देश्यों की पूर्ति हेतु लगाया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- केंद्र सरकार को करों (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों), अधिभार, शुल्क, उपकर, लेवी आदि के माध्यम से राजस्व जुटाने का अधिकार है।
  - सामान्यत: जनता द्वारा भुगतान किया जाने वाला उपकर, उनके कर देयता में जोड़ा जाता है, जो कुल कर भुगतान के हिस्से के रूप में अदा किया जाता है।
  - भारतीय संविधान के अनुच्छेद-270 के तहत उपकर को उन करों के विभाज्य पूल (Divisible Pool of Taxes) के दायरे से बाहर रखने की अनुमति दी गई है जिन्हें केंद्र सरकार को राज्यों के साथ साझा करना अनिवार्य है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - उपकर को संचित निधि (Consolidated Fund) में एक अलग निधि के रूप में रखा जाना चाहिये, जिसे केवल विशिष्ट उद्देश्य के लिये खर्च किया जाता है।
- उपकर, सरकार के राजस्व को बढ़ाने का एक अस्थायी स्रोत है।
  - उपकर का उद्देश्य पूरा हो जाने के बाद इस पर रोक लगा दी जाती है।

53.

उत्तर: B

व्याख्या:

- आँत का लीशमैनियासिस, जिसे कालाज़ार (Kala-Azar) के रूप में भी जाना जाता है, में बुखार, वज़न में कमी, प्लीहा और यकृत में सूजन आदि लक्षण देखे जाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह लीशमैनिया नामक एक परजीवी के कारण होता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह बालू मक्खियों के काटने से फैलता है। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

54.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में भारतीय नौसेना की तीसरी स्टील्थ स्कॉर्पीन क्लास (प्रोजेक्ट-75) पनडुब्बी INS करंज को नौसेना डॉकयार्ड मुंबई में कमीशन किया गया है।
- यह भारतीय नौसेना का एक कार्यक्रम है जिसमें छह स्कॉर्पीन क्लास पनडुब्बियों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसे निर्माण के विभिन्न चरणों में रक्षा उत्पादन विभाग (रक्षा मंत्रालय) और भारतीय नौसेना द्वारा समर्थन प्रदान किया जाता है।
  - मझगाँव डॉकयार्ड लिमिटेड (MDL) अक्तूबर 2005 में हस्ताक्षरित एक 3.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सौदे के तहत फ्राँस के नेवल ग्रुप से प्रौद्योगिकी सहायता के साथ छह स्कॉर्पीन पनडुब्बियों का निर्माण कर रही है।
    - MDL भारत में अग्रणी जहाज़ निर्माण यार्ड और एकमात्र पनडुब्बी निर्माता है।
    - प्रोजेक्ट-75 स्कॉर्पीन क्लास की पनडुब्बियाँ डीज़ल-इलेक्ट्रिक प्रणोदन प्रणाली द्वारा संचालित हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - स्कॉर्पीन सबसे परिष्कृत पनडुब्बियों में से एक है, जो एंटी-सरफेस शिप वारफेयर, एंटी-सबमरीन वारफेयर, खुफिया जानकारी एकत्र करने, बारूदी सुरंग बिछाने और क्षेत्र की निगरानी सहित विविध मिशन संचालित करने में सक्षम है।
  - स्कॉर्पीन एक पारंपरिक रूप से संचालित पनडुब्बी (डीज़ल-इलेक्ट्रिक) है, जिसका वज़न 1,500 टन है और यह 300 मीटर की गहराई तक जा सकती है।

55.

उत्तर: B

व्याख्या:

- इस समझौते को यात्री, व्यक्तिगत व माल ढुलाई वाहनों के यातायात नियमन हेतु अमल में लाया गया है।
- इस समझौते का मुख्य उद्देश्य इस उप क्षेत्र में सड़क यातायात को सुरक्षित, आर्थिक और पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल बनाना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- वर्ष 2015 में बांग्लादेश, भूटान, भारत और नेपाल के बीच भूटान की राजधानी थिंपू में BBIN मोटर वाहन समझौते पर हस्ताक्षर किये गए थे। अत: कथन 2 सही है।
  - समझौते के अनुसार, सदस्य देश अन्य देशों में पंजीकृत वाहनों को कुछ नियमों और शर्तों के तहत अपने क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति देंगे। सीमा शुल्क और अन्य शुल्कों का निर्धारण संबंधित देशों द्वारा किया जाएगा तथा इन्हें द्विपक्षीय एवं त्रिपक्षीय मंचों पर अंतिम रूप दिया जाएगा।
  - MVA के कार्यान्वयन में देरी हुई है क्योंकि देश कुछ प्रावधानों पर स्पष्टीकरण चाहते हैं।
- उद्देश्य:
  - व्यक्तियों और सामानों की सीमा पार आवाजाही को सुविधाजनक बनाकर लोगों को सहज संपर्क प्रदान करना और आर्थिक संपर्क बढ़ाना।

56.

उत्तर: C

व्याख्या

- माउंट सिनाबुंग (2,600 मीटर) उत्तरी सुमात्रा के कारो रीजेंसी (Karo Regency) में अवस्थित है।
  - सिनाबुंग इंडोनेशिया में स्थित 120 से अधिक सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है, जो 'पैसिफिक रिंग ऑफ फायर' में अवस्थित होने के कारण भूकंपीय उथल-पुथल प्रवण है।
  - वर्ष 2010 में हुए विस्फोट से पहले 400 वर्षों तक यह ज्वालामुखी निष्क्रिय था।
  - इसमें वर्ष 2014, 2016 और 2020 में पुन: विस्फोट हुआ।

नोट :

- माउंट सेमरू इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर स्थित सबसे उच्चतम और सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है।
    - इसमें अंतिम बार जनवरी 2021 में विस्फोट हुआ था।
    - माउंट सेमरू को 'द ग्रेट माउंटेन' भी कहा जाता है।
- इंडोनेशिया के 'रिंग ऑफ फायर' (Ring of Fire) या परिप्रशांत महासागरीय मेखला (Circum-Pacific Belt) में अवस्थित होने के कारण यहाँ कई सक्रिय ज्वालामुखी पाए जाते हैं और यह क्षेत्र भूकंप प्रवण क्षेत्र के अंतर्गत आता है। अत: कथन 1 और 2 सही हैं।

57.

उत्तर: B

व्याख्या

- अर्द्ध-घुमंतू जनजातियाँ वे हैं, जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर आवाजाही तो करती हैं, किंतु वर्ष में एक बार मुख्यत: व्यावसायिक कारणों से अपने निश्चित निवास स्थान पर ज़रूर लौटती हैं।
- विमुक्त जनजातियाँ वे हैं, जिन्हें ब्रिटिश शासन के दौरान लागू किये गए आपराधिक जनजाति अधिनियम के तहत अधिसूचित किया गया था, जिसके तहत पूरी आबादी को जन्म से अपराधी घोषित कर दिया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - वर्ष 1952 में इस अधिनियम को निरस्त कर दिया गया और समुदायों को विमुक्त कर दिया गया।
- विमुक्त , घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजाति (DNT) के लिये डॉ. अंबेडकर प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना एक केंद्रीय प्रायोजित योजना है। अत: कथन 2 सही है।
- यह केंद्रीय प्रायोजित योजना वर्ष 2014-15 में विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजाति (DNT) के उन छात्रों के कल्याण हेतु शुरू की गई थी, जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) श्रेणी के अंतर्गत नहीं आते हैं।

58.

उत्तर: B

व्याख्या:

- मध्याह्न भोजन योजना शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आती है (पहले मानव संसाधन विकास मंत्रालय), यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है जो वर्ष 1995 में शुरू की गई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लक्ष्य को पाने के लिये दुनिया का सबसे बड़ा स्कूल भोजन कार्यक्रम है।
- यह I से VIII तक की कक्षाओं में अध्ययन करने वाले छह साल से चौदह वर्ष तक के हर बच्चे को पका हुआ भोजन प्रदान करने का प्रावधान करती है। अत: कथन 2 सही है।

59.

उत्तर: A

व्याख्या:

- अभिसरण सीमा में दो प्लेटें एक-दूसरे की ओर गति करती हैं। यहाँ पर भारी (अधिक घनत्व वाली) एवं तेज़ गति वाली प्लेट का हल्की व कम गति वाली प्लेट के नीचे क्षेपण होता है। नतीजतन इसे विनाशात्मक सीमा एवं सीमांत भी कहते हैं।
    - जहाँ भारी प्लेट का हल्की व कम गति वाली प्लेट के नीचे क्षेपण होता है, उसे प्राय: प्रविष्ठन क्षेत्र भी कहते हैं।
- जब दो प्लेटें एक-दूसरे की विपरीत दिशा में गमन करती हैं तो उसे अपसारी सीमा कहा जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - अपसारी सीमाओं में सागरीय तल विस्तार और ग्रेट रिफ्ट वैली स्थल शामिल हैं।
    - महासागरों में अलग-अलग सीमाओं पर, पृथ्वी के मेंटल की गहराई से निकालने वाला मैग्मा सतह की ओर बढ़ता है और दो या अधिक प्लेटों को एक-दूसरे से अलग करता है। पर्वत और ज्वालामुखी संस्तर के साथ ऊपर उठते हैं। प्रक्रिया महासागरीय अधस्थल को नवीनीकृत करती है और विशाल घाटियों की चौड़ाई में वृद्धि करती है।
        - अपसारी सीमाओं का सबसे अच्छा उदाहरण मध्य-अटलांटिक कटक है, जहाँ अमेरिकी प्लेटें, यूरेशियन और अफ्रीकी प्लेटों से अलग होती हैं।

नोट :

- यह मध्य-महासागरीय कटक प्रणाली दुनिया के महासागरों को जोड़ने वाली विश्व की एकमात्र सबसे लंबी कटक पर्वत शृंखला (10,000 मील) है।
- भूमि पर विशाल गर्त जैसे कि अफ्रीका में ग्रेट रिफ्ट वैली आदि का निर्माण होता है, जहाँ प्लेटें एक-दूसरे से अलग होती हैं।
  - यदि वहाँ की प्लेटों का इसी तरह तरह अलग होना जारी रहता है, तो अब से लाखों वर्ष बाद पूर्वी अफ्रीका, अफ्रीका महाद्वीप से अलग होकर एक नया क्षेत्र बनाएगा।
  - इसके बाद एक मध्य महासागरीय कटक दोनों प्लेटों के बीच सीमा को निर्धारित करेगा। अत: कथन 1 सही है।

60.

उत्तर: C

व्याख्या:

- एनटीपीसी लिमिटेड विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (Public Sector Undertaking-PSU) है। अत: कथन 1 सही है।
- यह भारत का सबसे बड़ा ऊर्जा संचयन समूह है। इसकी स्थापना वर्ष 1975 में ऊर्जा विकास में तेज़ी लाने के उद्देश्य से की गई थी।
- इसका कार्य नवाचार और तीव्रता के साथ किफायती, कुशल एवं पर्यावरण अनुकूल तरीके से विश्वसनीय ऊर्जा का उत्पादन करना है।
- मई 2010 में इसे महारत्न कंपनी का दर्जा प्राप्त हुआ। यह नई दिल्ली में अवस्थित है। अत: कथन 2 सही है।

61.

उत्तर: D

व्याख्या:

- यह ब्यूरो विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय है, जिसे वर्ष 2002 में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के प्रावधानों के तहत स्थापित किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - ऊर्जा दक्षता और संरक्षण के क्षेत्र में इन नीतियों तथा कार्यक्रमों को लागू करना अनिवार्य है।
- विद्युत मंत्रालय (Ministry of Power) ने "ईंट निर्माण क्षेत्र के लिये ऊर्जा दक्षता उद्यम (E3) प्रमाणपत्र कार्यक्रम" (Energy Efficiency Enterprise (E3) Certifications Programme for the Brick Manufacturing Sector) शुरू किया है।
  - E3 प्रमाणन योजना का उद्देश्य इस क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता क्षमता का अधिक दोहन करना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

62.

उत्तर: B

व्याख्या:

- साहित्य अकादमी पुरस्कार वर्ष 1954 में स्थापित, एक साहित्यिक सम्मान है। यह पुरस्कार साहित्य अकादमी (नेशनल एकेडमी ऑफ लेटर्स) द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।
  - साहित्य अकादमी पुरस्कार, ज्ञानपीठ पुरस्कार के बाद भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाने वाला दूसरा सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मान है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- पुरस्कार विजेता के चयन हेतु मानदंड:
  - लेखक के पास अनिवार्य रूप से भारतीय राष्ट्रीयता होनी चाहिये। अत: कथन 2 सही है।
  - पुरस्कार के लिये पात्र पुस्तक/रचना का संबंधित भाषा और साहित्य के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट योगदान होना चाहिये।
- अंग्रेज़ी भाषा में रचना हेतु साहित्य अकादमी पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1960 में हुई तथा सबसे पहले यह पुरस्कार आर. के. नारायण को उनके उपन्यास 'द गाइड' के लिये दिया गया। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - वर्ष 2018 में लेखक अमिताव घोष ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने वाले अंग्रेज़ी भाषा के पहले लेखक बने।

63.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में यूरोपीय संघ के कुछ देशों विशेष रूप से पोलैंड और हंगरी में LGBTIQ समुदाय से संबद्ध लोगों के अधिकारों को सुरक्षित करने हेतु यूरोपीय संसद द्वारा यूरोपीय संघ क्षेत्र को 'LGBTIQ फ्रीडम ज़ोन' (LGBTIQ Freedom Zone) घोषित किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- आयरलैंड द्वारा समलैंगिक विवाह को वैधता प्रदान की गई। वर्ष 1993 में आयरलैंड द्वारा समलैंगिकता को हतोत्साहित किया गया था। बाद में यह पहला देश बना जिसने राष्ट्रीय स्तर पर हुए जनमत संग्रह द्वारा समलैंगिक विवाह को अनुमति प्रदान की। अत: कथन 2 सही है।

64.

उत्तर: C

व्याख्या

- राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (NASA) ने भविष्यवाणी की है कि क्षुद्रग्रह 2001 FO32 वर्ष 2021 में पृथ्वी के पास से गुजरने वाला सबसे बड़ा क्षुद्रग्रह है। यह 21 मार्च को पृथ्वी के सबसे करीब होगा।
- यह क्षुद्रग्रह 'नियर अर्थ ऑब्जेक्ट' के रूप में वर्णित है। यह क्षुद्रग्रह पृथ्वी से लगभग 2 मिलियन किलोमीटर (पृथ्वी से चंद्रमा की कुल दूरी के 51/4 गुना) की दूरी पर होगा।
  - खगोलीय दृष्टिकोण से यह दूरी इतनी है कि इसे 'संभावित खतरनाक क्षुद्रग्रह' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- अधिकांश क्षुद्रग्रह मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित क्षुद्रग्रह पेटी में पाए जाते हैं।
- ट्रोजंस (Trojans): ये क्षुद्रग्रह एक बड़े ग्रह के साथ कक्षा साझा करते हैं, लेकिन इसके साथ टकराते नहीं हैं क्योंकि वे कक्षा में लगभग दो विशेष स्थानों (L4 और L5 लैग्रैन्जियन पॉइंट्स) के आस-पास एकत्रित होते हैं, जहाँ सूर्य और ग्रहों के बीच संतुलित गुरुत्वाकर्षण खिंचाव होता है। अत: कथन 2 सही है।

65.

उत्तर: B

व्याख्या :

- संगे ज्वालामुखी इक्वाडोर के साथ-साथ विश्व के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है। अत: विकल्प (B) सही है।
  - संगे एंडीज़ के उत्तरी ज्वालामुखी क्षेत्र में स्थित सबसे दक्षिणी मिश्रित ज्वालामुखी (लावा और राख की वैकल्पिक परतों से बना एक ज्वालामुखी) है। यह 5230 मीटर ऊँचा है।
    - एंडीज़ विश्व की सबसे लंबी पर्वत शृंखला (समुद्री जल स्तर के ऊपर) है और इसमें विश्व की कुछ सबसे ऊँची चोटियाँ शामिल हैं।
    - संगे राष्ट्रीय उद्यान एंडीज़ पर्वतों के पूर्वी हिस्से में इक्वाडोर के मध्य भाग में स्थित है। यह एक विश्व धरोहर स्थल है।
- इस ज्वालामुखी में विस्फोट का सबसे पुराना मामला वर्ष 1628 में दर्ज किया गया है। वर्ष 1728 से वर्ष 1916 के बीच तथा पुन: वर्ष 1934 से वर्तमान तक कमोबेश निरंतर विस्फोट के मामले देखे गए थे।
  - इक्वाडोर, पैसिफिक रिम के "रिंग ऑफ फायर" क्षेत्र का हिस्सा है और इस देश में आठ ज्वालामुखी हैं, जैसे- कोटोपेक्सी (5,897 मी.), कैम्बे (5,790 मी.), पिचिंचा (4,784 मी.) आदि।

नोट :